11. *निम्नलिखित वाक्य से पदबंध छाँटकर लिखिए–*
(क) सफेद घोड़े पर बैठा हुआ सैनिक साहसी है। [CBSE MTP 2009]

12. दो पदबंधों के नाम लिखकर उदाहरण दीजिए। [CBSE MTP 2009]

13. 'पुस्तक' शब्द को पद और पदबंध रूप में प्रयोग करते हुए एक-एक वाक्य बनाइए। [CBSE MTP 2009]

## बहुविकल्पी प्रश्न

1. **कौन-सा कथन सत्य है?**
(क) शब्द और पद पर्यायवाची हैं।
(ख) शब्द कोश में होते हैं, पद भाषा में।
(ग) शब्द स्वतंत्र होते हैं, पद वाक्य के अंग होते हैं।
(घ) शब्द सार्थक होते हैं, पद निरर्थक भी हो सकते हैं।

2. **पद कितने प्रकार के होते हैं?**
(क) 4 (ख) 5 (ग) 6 (घ) 3

3. **संज्ञा का कौन-सा भेद सर्वमान्य नहीं है?**
(क) व्यक्तिवाचक (ख) जातिवाचक (ग) गुणवाचक (घ) द्रव्यवाचक

4. **सर्वनाम किनकी जगह प्रयुक्त होते हैं?**
(क) संज्ञा (ख) विशेषण (ग) क्रियाविशेषण (घ) क्रिया

5. **सर्वनाम के कितने प्रकार होते हैं?**
(क) 4 (ख) 5 (ग) 6 (घ) 7

6. **विशेषण किसकी विशेषता बताते हैं?**
(क) संज्ञा की (ख) सर्वनाम की (ग) क्रिया की (घ) संज्ञा-सर्वनाम की

7. **विशेषण के कितने प्रकार होते हैं?**
(क) 3 (ख) 4 (ग) 5 (घ) 6

8. **अव्यय किसे कहते हैं–**
(क) जो शब्द अपरिवर्तित रहते हैं।
(ख) जिन शब्दों में परिवर्तन होता रहता है।
(ग) जो शब्द अर्थवान होते हैं।
(घ) जो शब्द वाक्य के अंगों से संबंध स्थापित करते हैं।

9. **पदबंध किसे कहते हैं–**
(क) सभी पदों के समूह को
(ख) शब्दों के समूह को
(ग) वाक्य में प्रयुक्त शब्दों को
(घ) दो से अधिक शब्दों के योग से बने पद को

10. **निम्नलिखित वाक्यों में से पदबंध खोजिए–**

(1) *घर से भागा हुआ लड़का वापस आ गया है।*
(क) भागा हुआ लड़का
(ख) घर से भागा हुआ लड़का
(ग) लड़का
(घ) घर से भागा

(2) *लड़के यमुना के किनारे नहा रहे हैं।*
(क) किनारे
(ख) यमुना के किनारे
(ग) लड़के यमुना के किनारे
(घ) यमुना के

(3) *निरंतर बहता हुआ जल पवित्र होता है।*
(क) जल (ख) बहता हुआ (ग) बहता हुआ जल (घ) निरंतर बहता हुआ जल

LIVEWORKSHEETS

(4) मीठे-मीठे सपने देखने वाले लोग निकम्मे होते हैं।

(क) लोग
(ख) मीठे-मीठे सपने
(ग) सपने देखने वाले लोग
(घ) मीठे-मीठे सपने देखने वाले लोग

(5) सचिन सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

(क) सर्वाधिक रन
(ख) रन बनाने वाला
(ग) सर्वाधिक रन बनाने वाला
(घ) बनाने वाला बल्लेबाज

(6) शेर की तरह दहाड़ने वाला तू काँप क्यों रहा है?

(क) दहाड़ने वाला तू
(ख) शेर की तरह
(ग) शेर की तरह दहाड़ने वाला तू
(घ) शेर की तरह तू

(7) वह बिना पलक झपकाए ध्यानपूर्वक बैठा रहा।

(क) ध्यानपूर्वक
(ख) झपकाए ध्यानपूर्वक
(ग) बिना पलक झपकाए
(घ) बिना पलक झपकाए ध्यानपूर्वक

(8) सुरेश हमेशा कोई-न-कोई शरारत करता रहता है।

(क) हमेशा
(ख) कोई-न-कोई
(ग) हमेशा कोई-न-काई शरारत
(घ) कोई-न-कोई शरारत

(9) सूरज धीरे-धीरे डूबता जा रहा था।

(क) डूबता
(ख) जा रहा था।
(ग) डूबता जा रहा था
(घ) धीरे-धीरे डूबता जा रहा था।

(10) जोर-जोर से चिल्लाने वाले लोग कायर होते हैं।

(क) जोर-जोर से
(ख) चिल्लाने वाले
(ग) जोर-जोर से चिल्लाने वाले
(घ) चिल्लाने वाले लोग

(11) वह पेड़ किसी बड़े और तेज धार वाले कुल्हाड़े से कट सकता है।

(क) किसी बड़े और तेज
(ख) किसी बड़े और तेज धार वाले
(ग) किसी बड़े और तेज धार
(घ) बड़े और तेज धार वाले कुल्हाड़े से

(12) किसी की परवाह न करने वाला मैं हताश हूँ।

(क) परवाह न करने वाला
(ख) किसी की परवाह न करने वाला
(ग) परवाह न करने वाला मैं
(घ) करने वाला मैं

(13) इस गली में सबसे बड़ा मकान गुप्ता जी का है।

(क) बड़ा मकान
(ख) सबसे बड़ा मकान
(ग) इस गली में सबसे बड़ा मकान
(घ) गली में सबसे बड़ा

(14) तकदीर का मारा वह दुर्घटना में चल बसा।

(क) तकदीर का मारा (ख) तकदीर का मारा वह (ग) चल बसा (घ) दुर्घटना में चल बसा

11. निम्नलिखित में से संज्ञा पदबंध छाँटिए–

(1) अनेक दिनों तक भटकने वाला मैं रामलाल धीरे-धीरे पहुँच ही गया।

(क) अनेक दिनों तक भटकने वाला मैं
(ख) अनेक दिनों तक भटकने वाला मैं रामलाल
(ग) अनेक दिनों तक भटकने वाला
(घ) धीरे-धीरे पहुँच ही गया।

(2) मेरे जैसे आलसी लोग कभी सफल नहीं हो पाते।

(क) मेरे जैसे आलसी लोग
(ख) आलसी लोग
(ग) मेरे जैसे आलसी
(घ) कभी सफल नहीं हो पाते।

LIVEWORKSHEETS

(3) *बुढ़िया ने अपना सामान जीर्ण-शीर्ण बक्से में उठाकर रख लिया होगा।*

(क) बुढ़िया ने अपना सामान (ख) जीर्ण-शीर्ण बक्से में

(ग) बक्से में उठाकर (घ) रख लिया होगा

(4) *संसार में सबसे सुखी कहलाने वाला वह शोभराज आज नहीं रहा।*

(क) संसार में सबसे सुखी कहलाने वाला (ख) संसार में सबसे सुखी कहलाने वाला वह

(ग) संसार में सबसे सुखी कहलाने वाला वह शोभराज (घ) सबसे सुखी शोभराज

**12. निम्नलिखित में से सर्वनाम पदबंध छाँटिए–**

(1) *अनेक दिनों तक खोज में लगा हुआ मैं कृष्णराज आखिरकार सफल हो गया।*

(क) अनेक दिनों तक खोज में लगा हुआ मैं कृष्णराज (ख) अनेक दिनों तक खोज में लगा हुआ मैं

(ग) अनेक दिनों तक खोज में लगा हुआ (घ) आखिरकार सफल हो गया।

(2) *सभी की गलतियाँ निकालने वाला मैं आलोचक खुद ही आलोचना का शिकार हो गया।*

(क) सभी की गलतियाँ निकालने वाला मैं (ख) सभी की गलतियाँ निकालने वाला मैं आलोचक

(ग) सभी की गलतियाँ निकालने वाला (घ) आलोचना का शिकार

**13. निम्नलिखित में से विशेषण पदबंध छाँटिए–**

(1) *नीले सूट वाला वह लड़का चोर निकला।*

(क) नीले सूट वाला (ख) नीले सूट वाला वह

(ग) नीले सूट वाला वह लड़का (घ) नीले सूट वाला लड़का

(2) *शेर की तरह दहाड़ने वाला मेघराज आज मौन है।*

(क) शेर की तरह दहाड़ने वाला मेघराज (ख) शेर की तरह दहाड़ने वाला

(ग) दहाड़ने वाला मेघराज (घ) दहाड़ने वाला

**14. क्रियाविशेषण पदबंध छाँटिए–**

(1) *खरगोश बहुत तेजी से भागा।*

(क) तेजी से (ख) बहुत तेजी से (ग) तेजी से भागा (घ) बहुत तेजी से भागा

(2) *लोग बिल्कुल मुँह अँधेरे भोरकालीन वेला में सैर करते हैं।*

(क) भोरकालीन वेला में (ख) मुँह अँधेरे भोरकालीन वेला में

(ग) बिल्कुल मुँह अँधेरे (घ) बिल्कुल मुँह अँधेरे भोरकालीन वेला में

(3) *हमेशा की तरह वह बिल्कुल काम नहीं करेगा।*

(क) बिल्कुल काम (ख) हमेशा की तरह

(ग) हमेशा की तरह बिल्कुल (घ) हमेशा की तरह बिल्कुल नहीं

(4) *वह अत्यंत धीरे-धीरे बोलता है।*

(क) अत्यंत धीरे-धीरे (ख) धीरे-धीरे (ग) अत्यंत धीरे (घ) धीरे-धीरे बोलता है।

**15. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त पद ( पदबंध नहीं ) छाँटिए–**

(1) *मज़दूर दिनभर काम करते हैं।*

(क) मज़दूर (ख) दिनभर (ग) काम (घ) काम करते हैं

(2) *खेती बाड़ी में काम करने वाले मज़दूर हाड़तोड़ परिश्रम करते हैं।*

(क) खेती बाड़ी (ख) मज़दूर (ग) हाड़तोड़ (घ) परिश्रम

(3) *खेत बहुत सुंदर लगते हैं।*

(क) खेत (ख) बहुत (ग) सुंदर (घ) बहुत सुंदर

LIVEWORKSHEETS

(4) वह बिस्तर पर लेटते ही सो गया।
(क) वह (ख) बिस्तर (ग) लेटते ही (घ) सो गया

(5) दूध अधिक मीठा है।
(क) अधिक (ख) मीठा (ग) अधिक मीठा (घ) दूध

(6) वह पहले-से अच्छा बोला।
(क) अच्छा (ख) पहले-से (ग) पहले से अच्छा (घ) बोला

16. रेखांकित पदबंधों के भेद लिखिए–

(1) आज़ाद हिंद फौज में बहुत सैनिक थे।
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

(2) तुम जैसा मस्तमौला व्यक्ति मिलना कठिन है।
(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

(3) वह माली से आँख बचाकर चोरी से आम तोड़ रहा था।
(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रिया पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

(4) वह मैदान में खेल रहा होगा।
(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रिया पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

(5) दुकानों से ऊँघते हुए चेहरे बाहर निकले।
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध
(ग) क्रियाविशेषण पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

(6) लाल बालों वाला एक सिपाही चला आ रहा था।
(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रिया पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

(7) एक कुत्ता तीन टाँगों के बल रेंगता चला आ रहा था।
(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रिया पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

(8) नाव उफनती नदी में डूब गई।
(क) संज्ञा पदबंध (ख) सर्वनाम पदबंध (ग) विशेषण पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

(9) घोंसले में रहने वाली चिड़िया उड़ गई।
(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रियाविशेषण पदबंध
(ग) सर्वनाम पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

(10) रात में भौंकने वाला कुत्ता मर गया।
(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

(11) वह दौड़ते-दौड़ते थक गया।
(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

(12) दक्षिण से उत्तर तक भारत एक है।
(क) संज्ञा पदबंध (ख) क्रियाविशेषण पदबंध (ग) सर्वनाम पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

(13) हमेशा शोर करने वाला वह आज शांत है।
(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

(14) गरीबों से सहानुभूति रखने वाले लोग वास्तव में महान होते हैं।
(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) सर्वनाम पदबंध (घ) क्रियाविशेषण पदबंध

LIVEWORKSHEETS